अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ (पंजी) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का विस्तार और प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति

अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ (पंजी) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का विस्तार और प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति /मनोनीत करने की प्रक्रिया के तहत राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री कान्तिलाल मनीलाल पांचाल, वडोदरा, गुजरात द्वारा दिनांक 15/11/2018 व 16/11/2018 को श्री वी के विश्वकर्मा (भोपाल) राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, श्री यशपाल पांचाल(दिल्ली) राष्ट्रीय वरिष्ठ महामंत्री, लेखराज पांचाल (दिल्ली) श्री शरद शर्मा (इंदौर) राष्ट्रीय मंत्री, श्री रमेश विश्वकर्मा(इंदौर) पूर्व वरिष्ठ महामंत्री मध्य प्रदेश, तथा समाज के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश अध्यक्ष व दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त /मनोनीत किये गए !

श्री गुरुदत्त आर्य की अध्यक्षता में मुजफ्फर नगर में विश्वकर्मा समाज के गणमान्य व्यक्तियों की बैठक हुई जिसमें सर्व श्री बाबूराम पांचाल, भीष्म धीमान, ओमप्रकाश धीमान, चंदरपाल धीमान, रामपाल पांचाल, महावीर पांचाल, नरेश पांचाल, मोहनलाल विश्वकर्मा, दिनेश कुमार धीमान, वीरदत्त धीमान, रोशनी पंचाल, रामरतन विश्वकर्मा, अमित धीमान तथा समाज के अन्य सक्रीय लोगों की उपस्थिति में 15/11/2018 को श्री जगदीश पांचाल को अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ (पंजी) की उत्तर प्रदेश इकाई का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया तथा श्री नरेश चन्द्र पांचाल को उत्तर प्रदेश कार्यकारिणी में वरिष्ठ महामंत्री की जिम्मेदारी दी गयी ! नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन को प्रदेश में विस्तार और मजबूत करने तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का विश्वास दिलाया !

दिनांक 16/11/2018 को दिल्ली के पांचाल विहार में स्थित सेवाधाम में दिल्ली विश्वकर्मा समाज के सक्रिय और प्रबुद्ध लोगों की बैठक का आयोजन किया गया ! जिसमें सर्व श्री जुगमिंदर सिंह पंचाल, कालूराम पांचाल, हरबीर पांचाल, श्रवण पांचाल, अमित पांचाल, मनोज पांचाल, दलवीर पांचाल, राज सिंह पांचाल, मास्टर महेंदर सिंह पांचाल, रामनिवास पांचाल,मुकेश पांचाल, सोमपाल पांचाल, सूर्यकान्त पांचाल,रामचंदर पांचाल, दुलीचंद पांचाल, राकेश पांचाल, जयपाल पंचाल,रामेश्वर दयाल पंचाल, ओमप्रकाश प्रकाश पांचाल, तेज सिंह आर्य, साधुराम शर्मा, सुरेंदर कंडेरा, कृष्णपाल पांचाल, वेदपाल पांचाल, सूरज पाल पांचाल, चन्दगी राम पांचाल, लोकेश पांचाल, महेश पांचाल आदि की उपस्थिति तथा आग्रह पर श्री आत्मा राम पांचाल को दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सोंपी गयी तथा राष्ट्रिय कार्य कार्यकारिणी का भी विस्तार किया ! श्री कालू राम पांचाल, श्री वेदपाल पांचाल व मास्टर महेंदर पांचाल को राष्ट्रिय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया ! श्री लेखराज पांचाल को राष्ट्रीय महामंत्री की जिम्मेदारी दी गयी ! श्री सूरजपाल पांचाल तथा श्री विकाश पांचाल दिल्ली तथा प्रीत पांचाल मथुरा उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय मंत्री व श्री कृष्णपाल पांचाल को राष्ट्रीय संघठन मंत्री नियुक्त किया गया !

वक्ताओं ने अपने उद्‌बोधन में संघठन को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करने पर बल दिया तथा लोगों से अधिक से अधिक संख्या में सदस्य बनने की अपील की ! राष्ट्रीय वरिष्ठ महामंत्री श्री यशपाल पांचाल ने संविधान तथा भावी प्राथमिकताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला ! लोगों से पिछली बातों को भुलाकर अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए एकजुट होकर चलने का आवाहन किया ! श्री यशपाल पांचाल ने बताया कि इस संगठन का उद्देश्य मंदिर या धर्मशाला निर्माण नहीं होगा बल्कि शिक्षा के मंदिर निर्माण करना होगा जहाँ से समाज के युवावर्ग को शिक्षा और भविष्य निर्माण में सहयोग किया जा सके ! मध्यप्रदेश भोपाल से संगठन के विस्तार में सहयोग करने के लिए आये राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री वी के विश्वकर्मा ने भी लोगों से संगठन को मजबूत करने की अपील की तथा लोगों के साथ अपने अनुभव साझा किये ! राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री कान्तिभाई एम् पांचाल ने अपने उद्‌बोधन में लोगों को एकता का सन्देश दिया ! उन्होंने बताया कि हमें अपनी पिछली गलतियों से सीख लेनी चाहिए तथा समाज के उत्थान और विकास के लिये आर्थिक सामाजिक और बोद्धिक तौर पर जो भी सहयोग हो सकता है करना चाहिए ! उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी तथा प्रदेश इकाइयों के गठन का कार्य शीघ्र पूरा कर लिया जायेगा ! दिल्ली केंद्र है जो भी सन्देश यहाँ से जाएगा उसका व्यापक प्रभाव समाज पर पडेगा तथा राजनीतिक पार्टियों में भी इस एकजुटता का अच्छा प्रभाव पडेगा !

नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्री आत्मा राम पांचाल ने पूर्ण सहयोग का विस्बास दिलाया तथा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने भी अध्यक्ष महोदय को पूर्ण सहयोग का विस्बास दिलाया ! राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत के बाद सभा की कार्यवाही संपन्न हुयी !